Hindustan, Meerut, 22/01/2026
Page No: 2, Size: 18.49cm × 20.64cm

# गुड न्यूज: शहरों की गैस पाइपलाइन आपस में जुड़ेंगी



**शहर से हुई शुरुआत बागपत हादसे के बाद बड़ा फैसला**

● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

शहर में इंटरकनेक्टेड पाइप लाइन मॉडल की शुरुआत हो गई है। इसके जरिए यूपी के कई जिलों को गैस पाइप लाइन की जोड़ा जाएगा, ताकि जनता को निर्विरोध गैस की सप्लाई मिल सके। उत्तर प्रदेश के शहरों में पाइपलाइन से होने वाली गैस आपूर्ति को अब पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। बागपत में हुए बड़े हादसे से सबक लेते हुए गैस कंपनियों ने एक नई रणनीति पर काम शुरू किया है, जिसके तहत अब अलग-अलग शहरों की गैस पाइप लाइनों को आपस में जोड़ा जाएगा। इस योजना की शुरुआत मेरठ से कर दी गई है और आने वाले समय में इसका विस्तार पश्चिमी यूपी के कई जिलों में होगा।

दरअसल, अभी तक व्यवस्था यह थी कि हर शहर की गैस आपूर्ति एक मुख्य वितरण लाइन पर निर्भर रहती थी। यदि किसी कारणवश यह लाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो पूरे शहर में गैस सप्लाई ठप हो जाती है। यही स्थिति बागपत के मवीकलां में देखने को मिली थी, जब मुख्य पाइपलाइन फटने से तीन दिनों तक गैस आपूर्ति बाधित रही। उस दौरान वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर मेरठ से सीएनजी सिलेंडर टैंकर भेजने पड़े थे, जिससे मेरठ में ही कई सीएनजी स्टेशन बंद करने पड़े। इसी अनुभव के बाद अब गेल गैस लिमिटेड ने बड़ा कदम उठाया है। मेरठ में कंपनी ने अपनी पाइपलाइन को दो दिशाओं में जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक ओर हापुड़ जिले की इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की लाइन से कनेक्शन किया जा रहा है, तो दूसरी ओर गाजियाबाद के मोदीनगर क्षेत्र की पाइपलाइन से इसे जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि यदि किसी एक कंपनी या शहर की मुख्य लाइन में खराबी आती है तो पड़ोसी शहर की लाइन से तुरंत गैस सप्लाई दी जा सके।

## गैस ब्लैकआउट से मुक्ति

गेल गैस लिमिटेड के मेरठ क्षेत्र के महाप्रबंधक विनय कुमार के अनुसार, इस योजना के तहत अलग-अलग कंपनियों की पाइप लाइनों को जिला सीमा के पास आपस में जोड़ा जाएगा। बॉर्डर पर दोनों पाइपलाइनों के बीच लगभग 50 मीटर का सुरक्षित अंतर रखा जाएगा। आपात स्थिति में महज दो घंटे के भीतर खुदाई कर कनेक्शन जोड़कर सप्लाई बहाल की जा सकेगी। इससे गैस ब्लैकआउट जैसी स्थिति से बचा जा सकेगा और आम उपभोक्ताओं को अचानक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। फिलहाल मेरठ में गेल गैस लिमिटेड, जबकि हापुड़, गाजियाबाद, शामली और मुजफ्फरनगर में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड गैस आपूर्ति कर रही है। बागपत जिले में यह जिम्मेदारी एक निजी कंपनी के पास है। अब इन सभी कंपनियों के बीच तालमेल बनाकर एक साझा और मजबूत नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। जल्द ही यही मॉडल मुजफ्फरनगर, शामली और अन्य शहरों में भी लागू किया जाएगा।